# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

**संख्या0–1/27–06/2018–2350**

प्रेषक,

मुकेश प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार
सभी जिला पदाधिकारी, बिहार

पटना, दिनांक– 08-10-2018

विषयः– **माननीय अध्यक्ष–सह–सदस्य, राजस्व पर्षद द्वारा प्रमंडल स्तर पर राजस्व वादों के निष्पादन हेतु की गई समीक्षात्मक बैठक।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि पूर्व में माननीय अध्यक्ष–सह–सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना की अध्यक्षता में मगध, पटना, सारण, तिरहुत, दरभंगा, मुँगेर एवं भागलपुर प्रमंडलों में प्रमंडल स्तर से अंचल स्तर तक के सभी राजस्व न्यायालयों द्वारा निष्पादित किए गए वादों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में वादों के निष्पादन हेतु समय सीमा निर्धारित की गई तथा वादों के त्वरित निष्पादन हेतु सभी स्तरों पर नियमित रूप से न्यायालय का कार्य करने का भी निदेश दिया गया। समीक्षोपरांत बैठक की कार्यवाही में अंकित निदेशों का अनुपालन का भी निदेश दिया गया। माननीय अध्यक्ष–सह–सदस्य द्वारा तीन माह के अंतराल पर पुनः प्रमंडल स्तर पर समीक्षात्मक बैठक की जाएगी।

अतः अनुरोध है कि पूर्व में आयोजित बैठकों की कार्यवाही में अंकित निदेशों का अनुपालन ससमय करते हुए प्रतिवेदन इस कार्यालय में शीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

विश्वासभाजन

संयुक्त सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।